नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण




# 'नबीन' को बीजेपी की कमान

**15** महीने के अंदर हैं पांच राज्यों में चुनाव | **37** सेट नामांकन पत्र के जमा किये गये थे नबीन के पक्ष में | **30** प्रदेशों में बीजेपी पार्टी अध्यक्षों के पश्चात प्रारंभ की गयी प्रक्रिया



**नयी दिल्ली, 19 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हो गये. मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में नबीन को पूर्णकालिक स्थायी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जायेगी.**

आगामी 15 महीने में पांच राज्यों में चुनाव होने वाले हैं आने वाले समय में उनके और पार्टी के लिए चुनौती भरा रहेगा. इस संबंध में भाजपा मुख्यालय में सबसे युवा अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम के लिये तैयारियां तेज हो गयी हैं.



**नई दिल्ली.** नितिन नबीन का निर्विरोध अध्यक्ष बनना तय, अमित शाह-नड्डा-राजनाथ समेत कई दिग्गज बने प्रस्तावक.

पार्टी सूत्रों के अनुसार नितिन नबीन के आधिकारिक घोषणा के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता समेत भारी भीड़ का अनुमान है.

चुनाव अधिकारी डॉ के. लक्ष्मण ने इस चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद एक विज्ञप्ति में घोषणा की कि इस पद के लिए केवल श्री नबीन का पर्चा भरा गया और वह वैध पाया गया. इसके साथ ही मतदान प्रक्रिया की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती. श्री नबीन के पक्ष में नामांकन पत्र के 37 सेट जमा किये गये थे, जो जांच के उपरांत वैध पाये गये. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी ने पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ निर्वाचन अधिकारी डॉ के लक्ष्मण को श्री नबीन के नाम के प्रस्ताव का पर्चा सौंपा.

> उनके साथ केंद्रीय मंत्री किरन रिजीजू, धर्मेंद्र प्रधान , भूपेन्द्र यादव, हरदीप सिंह पुरी समेत कुछ अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी थे. डॉ. लक्ष्मण के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेशों में पार्टी अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात प्रारंभ की गयी, जो न्यूनतम आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक है.



# 'अपने भाई' को लेने एयरपोर्ट पहुंचा हूं : मोदी

- 10 वर्षों में शेख मोहम्मद की यह पांचवीं भारत यात्रा है
- यूएई के राष्ट्रपति का मोदी ने किया गर्मजोशी से स्वागत

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान भारत पहुंच गए हैं. हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि वह 'अपने भाई' को लेने एयरपोर्ट पहुंचे हैं. बतौर राष्ट्रपति यह शेख मोहम्मद की पांचवीं भारत यात्रा है.**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि शेख मोहम्मद की यह यात्रा भारत-यूएई के मजबूत और भरोसेमंद संबंधों को दर्शाती है. उन्होंने दोनों नेताओं के बीच होने वाली बातचीत को लेकर उत्साह भी जताया. विदेश मंत्रालय के अनुसार, यूएई के राष्ट्रपति का यह दौरा लगभग डेढ़ घंटे का है. प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद वह शाम छह बजकर पांच मिनट पर भारत से रवाना होंगे. यह यात्रा पीएम मोदी के निमंत्रण पर हो रही है. मंत्रालय ने बताया कि बातचीत के दौरान व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, ऊर्जा और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हो सकती है. शेख मोहम्मद का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब अंतरराष्ट्रीय राजनीति में कई चुनौतियां सामने हैं, ऐसे में दोनों नेताओं की मुलाकात को अहम माना जा रहा है. उल्लेखनीय है कि बीते 10 वर्षों में यह शेख मोहम्मद की पांचवीं भारत यात्रा है. वित्त वर्ष 2024-25 में भारत-यूएई व्यापार 100 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है, जो दोनों देशों के गहराते रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को दर्शाता है.

## एक नजर में



### किश्तवाड़ एनकाउंटर में सेना का जवान शहीद

**किश्तवाड़.** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया. अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि भारतीय सेना की स्पेशल फोर्सेज में तैनात हवलदार गजेंद्र सिंह ने आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया. यह मुठभेड़ जिले के सिंहपोरा इलाके में रविवार दोपहर से जारी है. सुरक्षा बलों द्वारा इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा था, तभी छिपे आतंकवादियों ने फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही. आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर ग्रेनेड भी फेंके. शुरुआती जानकारी के अनुसार इस मुठभेड़ में सात जवानों के घायल होने की खबर सामने आई थी, हालांकि घायल जवानों की संख्या को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

### कुलदीप सेंगर की जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली.** दिल्ली उच्च न्यायालय ने उन्नाव सामूहिक बलात्कार पीड़िता के पिता की हिरासत में मृत्यु के मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी. केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को बताया कि कुलदीप सिंह सेंगर एवं अन्य को निचली अदालत ने इस मामले में चार मार्च 2020 को दोषी ठहराया था . अदालत ने सेंगर को 10 वर्ष का कठोर कारावास, जुर्माना और मृतक के कानूनी उत्तराधिकारियों को 10 लाख रुपये का मुआवजा देने की सजा सुनाई थी. कुलदीप सिंह सेंगर ने निचली अदालत के आदेश के विरुद्ध अपील दायर की थी.

# मुठभेड़ में 4 महिला माओवादी समेत 6 ढेर

**बीजापुर, 19 जनवरी. छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में चार महिला माओवादियों सहित कुल छह माओवादी मारे गए. यह मुठभेड़ थाना भोपालपटनम और थाना फरसेगढ़ के सरहदी जंगल-पहाड़ी इलाके में स्थित नेशनल पार्क क्षेत्र में हुई.**

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नेशनल पार्क एरिया कमेटी के डीवीसीएम दिलीप बेंडजा और अन्य सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना पर डीआरजी



बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ और सीआरपीएफ 214 की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया. मुठभेड़ के बाद दिलीप बेंडजा सहित छह माओवादियों के शव बरामद किए गए. दिलीप बेंडजा पर आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था. अन्य मारे गए माओवादियों में माड़वी कोसा, पालो पोड़ियम, लक्खी मड़कम, जुगलो बंजाम और राधा मेट्टा शामिल हैं, जिन पर कुल 27 लाख रुपये का इनाम था. मुठभेड़ स्थल से एके-47, राइफल, कार्बाइन, बीजीएल लॉन्चर, ग्रेनेड, विस्फोटक सामग्री और माओवादी साहित्य बरामद किया गया. पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि दिलीप बेंडजा के खिलाफ 135 आपराधिक मामले दर्ज थे. अभियान के दौरान जंगली जानवरों के हमले में दो जवान घायल हुए, जिनकी हालत स्थिर है.

## सुको ने 1.25 करोड़ मतदाताओं को नाम जोड़ने का दिया मौका

**नई दिल्ली, 19 जनवरी.** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के 1.25 करोड़ वोटर्स को वोटर लिस्ट में अपना नाम जोड़ने के लिए एक और अवसर दिया है. अदालत ने निर्देश दिया कि प्रभावित वोटर्स 10 दिनों के भीतर अपने दस्तावेज़ चुनाव आयोग को प्रस्तुत करें. यह आदेश चुनाव आयोग द्वारा राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दौरान नाम, सरनेम और आयु में पाई गई गड़बड़ियों के आधार पर जारी किए गए लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी नोटिस के बाद आया है.

# स्पेन रेल भीषण हादसे में 39 की मौत

**122** लोग घायल, कई की हालत गंभीर

**317** यात्री हाई स्पीड ट्रेन में थे सवार

**मैड्रिड, 19 जनवरी. दक्षिणी स्पेन के कॉर्डोबा प्रांत में रविवार रात दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर से हुए भीषण रेल हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है, जबकि 122 लोग घायल बताए जा रहे हैं. घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है.**



अधिकारियों ने आशंका जताई है कि गंभीर रूप से घायलों के कारण मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है. स्पेन के परिवहन मंत्री ऑस्कर पुएंते के अनुसार यह हादसा स्थानीय समयानुसार शाम करीब 7:45 बजे कॉर्डोबा से लगभग 20 किलोमीटर दूर आदामूज़ इलाके के पास हुआ. मलागा से मैड्रिड जा रही हाई-स्पीड ट्रेन, जिसमें 317 यात्री सवार थे.

# सोना-चांदी रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**नई दिल्ली, 19 जनवरी। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेश मांग आने से सोना-चांदी सोमवार को सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गये। मल्टी कॉमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना वायदा सोमवार को 2,703 रुपये बढ़कर 1,45,220 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।**

यह पहली बार 1,45,000 रुपये के पार पहुंचा है। चांदी वायदा में 15,381 रुपये का उछाल देखा गया और यह 3,03,143 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर रही। इसमें 5.35 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल आया है।

कोटक म्यूचुअल फंड के कोष प्रबंधक सतीश डोंडापति ने



कहा कि वैश्विक स्तर पर ग्रीनलैंड के मुद्दे को लेकर अनिश्चितता बढ़ने से दोनों कीमती धातुओं में तेजी रही है। साथ ही, सीमित आपूर्ति, कमजोर डॉलर और मजबूत निवेश तथा औद्योगिक मांग का असर भी देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में चांदी की कीमत 170 प्रतिशत बढ़ चुकी है।

# दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का डंका

## आईएमएफ ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 7.3 प्रतिशत किया

**ब्रूसेल्स, 19 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ के सोमवार को यहां जारी विश्व आर्थिक परिदृश्य अपडेट में एक बार फिर भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है।**

इसमें अगले वित्त वर्ष के लिए वृद्धि अनुमान 0.2 फीसदी बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2027-28 के लिए वृद्धि अनुमान 6.4 प्रतिशत पर स्थिर रखा गया है। रिपोर्ट में चीन का विकास अनुमान 2025 के लिए पांच प्रतिशत रखा गया। आईएमएफ का मानना है कि इस साल चीन की वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रहेगी जो अगले साल और घटकर चार प्रतिशत रह जायेगी।

आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की वृद्धि का अनुमान 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया गया है जो तीसरी तिमाही में अपेक्षा से बेहतर आंकड़ों और चौथी तिमाही में मजबूत गति को दर्शाता है। चक्रीय और अस्थायी कारकों के कमजोर पड़ने से 2026 और 2027 में यह घटकर 6.4 प्रतिशत रह जायेगी।

### पिछले सालों में वृद्धि कैसी रही

**विश्व के देशों का औसत जीडीपी का अनुमान : 2025-** 1.7%, 2026- 1.8%, 2027- 1.7%

| अमेरिका | जर्मनी | फ्रांस | इटली |
|---|---|---|---|
| 2025- 2.1%, 2026- 2.4%, 2027- 2.0 % | 2025- 0.2%, 2026- 1.1%, 2027- 1.5% | 2025- 0.8%, 2026-1.0%, 2027-1.2% | 2025- 0.5%, 2026-0.7% 2027- 0.7%, |
| **जापान** | **ब्रिटेन** | **कनाडा** | **यूरो क्षेत्र** |
| 2025- 2.9%, 2026- 2.3%, 2027- 1.9%, | 2025- 1.1%, 2026- 0.7%, 2027-0.6% | 2025- 1.4%, 2026- 1.3%, 2027- 1.5% | 2025-1.4%, 2026: 1.3%. 2027- 1.4%, |

## चुनाव आयोग की मेजबानी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 21-23 तक

**नयी दिल्ली, 19 जनवरी.** चुनाव आयोग के तत्वावधान में राजधानी में 21 से 23 जनवरी तक लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा. इस सम्मेलन में 70 से अधिक देशों के लगभग 100 प्रतिनिधि भाग लेंगे. इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय संगठनों, भारत में विदेशी मिशनों तथा चुनावी क्षेत्र के अकादमिक और व्यावहारिक विशेषज्ञों की भागीदारी भी होगी. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने सहयोगी चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ उद्घाटन सत्र में प्रतिनिधियों का स्वागत करेंगे.


**ट्रंप की पहल** | बोर्ड अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से गाजा में स्थिरता और समृद्धि लाने की दिशा में करेगा काम

# गाजा शांति में पीएम मोदी हुए शामिल

**वाशिंगटन ,19 जनवरी. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाजा के लिए प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय शांति बोर्ड का हिस्सा बनने का औपचारिक निमंत्रण दिया है. इस संबंध में व्हाइट हाउस की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को एक आधिकारिक पत्र भेजा गया है, जिसे भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया है.**

पत्र में राष्ट्रपति ट्रंप ने लिखा है कि भारत के प्रधानमंत्री के रूप में मध्य पूर्व में शांति स्थापना और वैश्विक संघर्षों के समाधान की दिशा में एक नई, साहसिक पहल में पीएम मोदी को साथ जोड़ना उनके लिए सम्मान की बात है. राजदूत के अनुसार, यह बोर्ड प्रभावी शासन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से गाजा में स्थिरता और समृद्धि लाने की दिशा में काम करेगा.

पत्र में उल्लेख किया गया है कि गाजा संघर्ष को समाप्त करने



के उद्देश्य से 29 सितंबर 2025 को एक व्यापक 20-सूत्रीय रोडमैप की घोषणा की गई थी. इस योजना को अरब देशों, इजराइल और यूरोप सहित कई प्रमुख देशों के नेताओं ने तत्काल समर्थन दिया. आगे बताया गया कि 17 नवंबर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 2803 पारित कर इस रोडमैप और इसके दृष्टिकोण का स्वागत किया.

अमेरिकी राष्ट्रपति ने पत्र में कहा कि अब समय आ गया है कि इन लक्ष्यों को व्यवहारिक रूप दिया जाए. इसी उद्देश्य से एक 'शांति बोर्ड' के गठन का प्रस्ताव रखा गया है, जिसे अब तक का सबसे प्रभावशाली और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच बताया गया है.

> व्हाइट हाउस के अनुसार, यह पहल उन प्रतिष्ठित देशों और नेताओं को एक मंच पर लाने का प्रयास है, जो शांति स्थापना की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं. पत्र में कहा गया है कि यह सम्मान उन्हीं देशों को दिया जाएगा, जो नेतृत्व करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और समृद्ध भविष्य में निवेश करना चाहते हैं. साझेदार देशों और नेताओं की एक अहम बैठक आयोजित की जाएगी.

# सरकार दो सप्ताह में ले विजय शाह पर निर्णय : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 19 जनवरी. भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए विवादित बयान के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. शीर्ष अदालत ने सोमवार को मध्य प्रदेश सरकार को निर्देश दिया कि वह विजय शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंज़ूरी देने पर दो सप्ताह के भीतर निर्णय ले.**

सुनवाई के दौरान अदालत ने



कहा कि इस मामले में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि निचली अदालत में मामला लंबित होने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से अब तक अभियोजन की अनुमति नहीं दी गई है. सुप्रीम कोर्ट ने इसे गंभीर विषय बताते हुए सरकार से शीघ्र फैसला लेने को कहा.